भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 360

गुरूवार, 3 अप्रैल, 2025 / 13 चैत्र, 1947 (शक)

देश में श्रमिक संघों की सदस्यता

***360. श्री संदोष कुमार पी.:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पंजीकृत श्रमिक संघों की सूची और उनकी कुल सदस्यता का ब्यौरा क्या है; और

(ख) देश में पंजीकृत श्रमिक संघों की सदस्यता-सूची का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*

*****

"देश में श्रमिक संघों की सदस्यता" के संबंध में श्री संदोष कुमार पी. द्वारा दिनांक 03.04.2025 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 360 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) और (ख): व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 के अंतर्गत ट्रेड यूनियनों का पंजीकरण राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित ट्रेड यूनियन रजिस्ट्रारों द्वारा किया जाता है। अधिनियम की धारा 28 के साथ पठित केन्द्रीय ट्रेड यूनियन विनियम, 1938 के खंड 12 के तहत पंजीकृत ट्रेड यूनियनों को अपने सदस्यों की संख्या के साथ अपने वार्षिक विवरणी संबंधित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में ट्रेड यूनियनों के रजिस्ट्रार के पास दाखिल करना अपेक्षित होता है।

*****